हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार, 22 मई 2024

तापमान
अधिकतम 45 .0 डिग्री
न्यूनतम 29 .8 डिग्री

9 देश के निर्माण व लोकतंत्र की मजबूती के लिए एक-एक वोट कीमतीः एडीसी



10 रिजर्वेशन सुविधा की मांग पर ग्रामीणों का धरना ...



## खबर संक्षेप

### रामनगर में घर से लापता हुआ युवक

**धारूहेड़ा।** रामनगर कॉलोनी में 21 वर्षीय युवक अचानक घर से लापता हो गया। पुलिस शिकायत में मूल रूप से हिसार के बगला निवासी विरेंद्र ने बताया कि रामनगर में 20 दिन से किराए के मकान में रह रहा है। 19 मई को उसका बेटा विशाल सुबह के समय घर से अचानक लापता हो गया। उसने रिश्तेदारियों और दूसरे स्थानों पर तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद युवक की तलाश शुरू कर दी।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना रामपुरा पुलिस ने एक नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर 18 मई को पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने थालर क्षेत्र के एक गांव निवासी रवि को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा के तहत जेल भेज दिया गया।

### कंपनी की पार्किंग से नई बाइक चोरी

**बावल।** औद्योगिक एरिया में एक कंपनी की पार्किंग में खड़ी बाइक चोरी हो गई। पुलिस शिकायत में राजस्थान के गुणसार निवासी सन्नी ने बताया कि वह कंपनी में काम करता है। उसने दो सप्ताह पहले ही नई बाइक खरीदी थी। बाइक पार्किंग में खड़ी करने के बाद वह कंपनी में चला गया। शाम को घर जाते समय बाहर आया तो उसे बाइक गायब मिली। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### बाइक चोरी का आरोपी दो साल बाद गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने करीब दो साल पहले बाइक चोरी के मामले में दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। 25 नवंबर 2020 को मेन बाजार निवासी प्रताप सिंह की बाइक एक शादी समारोह के दौरान चोरी हो गई थी। पुलिस ने एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। मामले में राजस्थान के करीरीवास निवासी बीरसिंह को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

### जेवर चोरी करने का एक और आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** बस से पटौदी जा रही महिला के लाखों रुपये के जेवरात चोरी करने के एक और आरोपी को पुलिस को गिरफ्तार कर लिया। गत वर्ष 8 जून को बस स्टैंड से बस में सवार हुई मनेठी निवासी बबली के जेवरात बस में चोरी हो गए थे। बस स्टैंड पुलिस चौकी ने केस दर्ज करने के बाद चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। मामले में एक और आरोपी रोहतक के बलहम निवासी दीपक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

### मां-बेटे के साथ मारपीट का केस दर्ज

**रेवाड़ी।** काकोड़िया में मां-बेटे के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने पिता-पुत्र के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना सदर पुलिस को दर्ज शिकायत में शक्ति ने बताया कि वह उसकी छत पर आंधी से गिरे पेड़ को काट रहा था। उसके चाचा धर्मबीर और उसके बेटे मोहित ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। बचाव में आई उसकी मां को भी धक्का देकर गिरा दिया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### आर्म्स एक्ट के तहत एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** कसोला थाना पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत गत वर्ष 4 दिसंबर को दर्ज किए गए केस में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अवैध हथियार मिलने के बाद आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस ने इस मामले में रूध निवासी सज्जन को गिरफ्तार कर लिया।

# उद्योगों के प्रदूषकों पर महत्वपूर्ण शोध पर मीनू को मिली पीएचडी की उपाधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सेक्टर-3 निवासी मीनू ने उद्योगों से जल और मिट्टी से फैलने वाले प्रमुख प्रदूषकों की पहचान और उनके खाद्य श्रृंखला पर प्रभावों पर अध्ययन किया है। अध्ययन के बाद पेश किए गए शोध पत्र के आधार पर नीमराणा की रेफल्स यूनिवर्सिटी के रसायन विज्ञान विभाग, स्कूल ऑफ बेसिक एंड एप्लाइड साइंसेस ने उन्हें मंगलवार को पीएचडी की उपाधि से नवाजा है। डा. मीनू ने बताया कि यूनिवर्सिटी की डॉ. मीनाक्षी शर्मा ने उन्हें इस रोचक विषय पर काम करने का मौका देते हुए कुशल मार्गदर्शक की भूमिका अदा की। देशबंधु कॉलेज दिल्ली के प्रो. महेश चंद्र ने वाइवा वोस के लिए बाह्य विशेषज्ञ के रूप में अपना योगदान दिया। उनकी इस



रेवाड़ी। पीएचडी की उपाधि ग्रहण करते हुए डा. मीनू। फोटो :हरिभूमि

उपलब्धि पर यूनिवर्सिटी की कुलपति डा. गडांगी इंदिरा, विभागाध्यक्ष डा. राजपाल, डा. संतोष जोशी, डा. जहीर अंसारी, डा. मृण्मय मंडल, डा. नवीन कुमार, सहायक मनमोहन शर्मा, सूर्यकांत स्वामी, डा. अनंत शर्मा व नीरज कुशवाहा ने मीनू को इस बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने पूरी एकाग्रता से अध्ययन करते हुए यह मुकाम हासिल किया है।

### परिवार को दिया सफलता का श्रेय

डा. मीनू ने 56 वर्ष की उम्र में महत्वपूर्ण विषय पर सफल शोध करने के पीछे पूरे परिवार को सफलता का भागीदार बताया है। उन्होंने कहा कि शोध करने में उनके पति डा. पुनीत घई, सास विमला घई, माता विजय मेहता ने पूरी मदद की। साथ ही उनके दो बच्चों अभिनव और आर्यन ने उनके लिए प्रेरक का काम किया। मीनू ने परिवार के इन सदस्यों का भी आभार व्यक्त किया है।

## फलों व सब्जियों पर भीषण गर्मी की मार, महंगे फलों के आ रहे कम खरीदार

# गत वर्ष की अपेक्षा सब्जियां सस्ती, आसमान छू रहे फलों के दाम आम आदमी की पहुंच से दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

इन दिनों सब्जीमंडी में सबसे सस्ता टमाटर व तरबूज बिक रहा है। गत वर्ष जहां टमाटर के भाव 240 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गए थे वही टमाटर इस वर्ष 20 रुपये किलोग्राम के भाव से बिक रहा है। सब्जीमंडी में बाकी सब्जियां भी गत वर्ष की अपेक्षा सस्ती है, पिछले साल ज्यादातर सब्जियों के दाम 80 रुपये प्रति किलोग्राम थे, वही सब्जियां इस वर्ष 30 से 40 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव से बिक रही है, लेकिन दिन के समय भीषण गर्मी के समय लोग सुबह-शाम ही सब्जीमंडी में नजर आ रहे है। इस वर्ष सब्जियों में सबसे ऊंचे दाम नीबू व अदरक के है। नींबू 160 रुपये प्रति किलोग्राम व अदरक 240 रुपये तक बिक रही है। सब्जीमंडी में इन दिनों फलों के दाम आसमान छू रहे है। 50 रुपये किलो बिकने वाला सफेदा आम 90 रुपये व दशहरी आम 120 रुपये प्रतिकिलो के भाव से मिल रहा है। तरबूज व खरबूजा के अलावा सभी फल काफी महंगे हो गए है। लीची 200 रुपये, आलू बुखारा 140, अंगूर 200, सेब 240, आडू 140, संतरा 140 व अनार 160 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया है। कीवी का एक पीस 30 रुपये में बिक रहा है। यहां तक कि 40 रुपये में बिकने वाला पानी वाला नारियल 70 रुपये में बिक रहा है।







रेवाड़ी। सब्जीमंडी में दुकान पर रखे हुए फल, सब्जीमंडी में सब्जी खरीदते हुए ग्राहक, सब्जीमंडी में 160 रुपये प्रति किलो बिक रहा नींबू। फोटो :हरिभूमि

### बरसात के आने पर मिल सकेगी राहत

महंगाई की मार के कारण फल खरीदा आम आदमी की पहुंच से दूर होता जा रहा है। गर्मी के कारण ग्राहक कम होने के कारण सब्जी विक्रेता भी सब्जीमंडी में कम ही सब्जियां ला रहे है। कई फुटकर विक्रेता तो रोजाना आइटम बदल-बदल कर देख रहे है। कभी सब्जी तो कभी फल की फड़ी लगा रहे है। सब्जी विक्रेता बब्लू व भोलाराम का कहना है कि गर्मी के मौसम में सब्जियां जल्दी खराब हो रही है। बरसात के आने पर ही राहत मिलने की उम्मीद है। सब्जियां सस्ती होने पर भी ग्राहक कम आ रहे है तथा फल महंगे होने के कारण कम बिक रहे है।

**सब्जियों के दाम/ प्रति किलोग्राम**

| सब्जियां | वर्तमान दाम | | |
|---|---|---|---|
| अदरक | 200 से 240 | ग्वार फली | 40 |
| टमाटर | 20 | बैंगन | 20 |
| हरी मिर्च | 60 | टिंडा | 30 |
| नीबू | 140 से 160 | पोदीना | 60 |
| भिंडी | 30 | आलू | 30 से 35 |
| पालक | 20 | प्याज | 25 |
| खीरा | 20 | घीया | 20 |
| करेला | 30 | ककड़ी | 30 |

**फलों के दाम/ प्रति किलोग्राम**

| फल | वर्तमान दाम | | |
|---|---|---|---|
| आम सफेदा | 90 | सेब | 160 से 240 |
| आम दशहरी | 120 | पपीता | 50 से 70 |
| तरबूज | 20 से 30 | आडू | 140 |
| खरबूजा | 40 | चीकू | 100 |
| मौसमी | 70 | अंगूर | 200 |
| माल्टा | 140 | अनानास | 80 |
| आलू बुखारा | 140 | कीवी | 120/4 नग |
| लीची | 200 | नारियल | 70 प्रति नग |
| अनार | 120 से 160 | केला | 70/ दर्जन |



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी। फोटो :हरिभूमि

### कार से भारी मात्रा में चरस बरामद सीआईए ने काबू किए दो आरोपी

**रेवाड़ी।** अपराध अनुसंधान शाखा की टीम ने नाहड़ बीहड़ के निकट नाकेबंदी करते हुए एक औरा कार में नशीला पदार्थ चरस ले जा रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। उनके कब्जे से लगभग 1 किलोग्राम चरस बरामद हुई है। दोनों आरोपियों को गाड़ी के साथ गिरफ्तार करने के बाद उनके खिलाफ पुलिस थाने में केस दर्ज कराया गया है। सीआईए को सूचना मिली थी कि रोहतक के निदाना निवासी सोनू व जींद के नगूरा निवासी देवेंद्र नशीला पदार्थ बेचने का धंधा करते हैं। वह महेंद्रगढ़ के कनीना से कोसली की ओर नशीला पदार्थ चरस बेचने के लिए आ रहे हैं। सूचना मिलने के बाद सीआईए की टीम ने नाहड़ बीहड़ के पास नाकेबंदी करते हुए वाहनों की जांच शुरू कर दी। इसी दौरान कनीना की ओर से आ रही औरा कार के चालक ने गाड़ी वापस मोड़कर भागने का प्रयास किया। सीआईए की टीम ने पीछा करते हुए कार को काबू कर लिया। कार की तलाशी लेने पर उसमें से 974 ग्राम सुल्फा यानि चरस बरामद हुई। सीआईए ने दोनों आरोपियों को काबू करने के बाद उनके खिलाफ केस दर्ज करा दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी है।

### साइक्लिस्ट महेश ने अंगदान जागरूकता के लिए की 1500 किलोमीटर की यात्रा

**रेवाड़ी।** शहर के कालाका रोड स्थित सरस्वती विहार निवासी महेश कुमार ने अंगदान जागरूकता के लिए इंडिया गेट दिल्ली से गेट-वे ऑफ इंडिया मुंबई तक 1500 किलोमीटर की साइकिल यात्रा पूरी की है। यह यात्रा 19 मार्च को शुरू हुई थी। मुंबई पहुंचने पर अभिनेता सोनू सूद ने महेश कुमार को मोटिवेट किया। यात्रा का मुख्य उद्देश्य लोगों को अंगदान के प्रति जागरूक करना था, क्योंकि देश में प्रति वर्ष 5 लाख से अधिक लोग अंग न मिलने के कारण अपना जीवन खो देते है। यात्रा के माध्यम से देश के लिए जीवन कुर्बान करने वाले सैनिक और अर्ध सैनिक बलों की जवानों को भी श्रद्धांजलि दी गई। यात्रा में कमांडेंट रैपिड एक्शन फोर्स, रोटरी क्लब रेवाड़ी व दिल्ली, रैपिड एक्शन फोर्स जयपुर कैंप, बीएसएफ चावला कैंप, नसीराबाद सीआरपीएफ व अजमेर ने सहयोग दिया। इस उपलब्धि पर राजेश मित्तल, प्रशांत अजमेरा, डॉ. करतार सिंह, सुनील भारद्वाज, अरुण गुप्ता, अशोक पंडित, अजय अग्रवाल, ओमप्रकाश, मारियो, मनीष चंद्रा, विशाल जै, डॉ. सुरेंद्र, केके पडलान व रवि सैनी ने महेश कुमार को बधाई दी है।




रेवाड़ी। मुंबई में सोनू सूद के साथ महेश कुमार।

### नागरिकों से 25 मई को मतदान करने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

हरियाणा में आगामी 25 मई को लोकतंत्र का सबसे बड़े पर्व के लिए मतदान होने जा रहा है। अपना समाज संगठन के पूर्व उपाध्यक्ष तेज सिंह शोर्या ने सभी प्रदेशवासियों से तापमान के बढ़ते मिजाज की परवाह किए बगैर मतदान करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के पास भारतीय संविधान के अनुसार निष्पक्ष चुनाव करने का अधिकार होता है, 18 वर्ष से अधिक आयु का व्यक्ति मतदान प्रक्रिया में भाग ले सकता है। यह उसका मौलिक अधिकार है। कुछ मतदाताओं के सामने यह समस्या रहती है कि वह किस पार्टी को वोट दें, किसी को पार्टी पसंद नहीं तो किसी को उम्मीदवार पसंद नहीं, ऐसे में वह नोटा का बटन दबा सकते हैं। इससे किसी भी देश या क्षेत्र की जनता का जागरूक होने का प्रमाण मिलता है।

## महिला ने फांसी लगाकर जान दी, पति गिरफ्तार

■ मां के बयान पर महिला के पति के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का केस दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

धारूहेड़ा की बेसटेक सोसायटी में एक महिला ने फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस ने उसकी मां के बयान पर महिला के पति के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का केस दर्ज किया है। पुलिस ने बाद में आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। बेसटेक सोसायटी में अपने पति रोहित फोगाट के साथ रहने वाली मंजीत देवी ने घर के कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसके मायके पक्ष के लोगों को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद मायके पक्ष के लोग अस्पताल पहुंच गए। मंजीत की मां जींद के अर्बन एस्टेट निवासी सुशीला ने पुलिस बयान में बताया कि उसने अपनी बेटी मंजीत की शादी 7 साल पहले भिवानी के बीरण निवासी रोहित फौगाट के साथ की थी। शादी के बाद उसकी बेटी को कोई बच्चा नहीं हुआ। महिला ने आरोप लगाया कि बच्चा नहीं होने के कारण रोहित उसकी बेटी को अक्सर प्रताड़ित करता था। वह बेसटेक सोसायटी में रह रहा था। वह अक्सर उसकी बेटी के साथ झगड़ा करता था।

### एक दिन पहले ही समझाया था रोहित को

सुशीला ने बताया कि मंजीत को बार-बार प्रताड़ित करने के कारण वह अपने भाई और छोटी बेटी को लेकर एक दिन पहले ही धारूहेड़ा उसके पास आई थी। रोहित को काफी समझाया गया था। वह अपनी छोटी बेटी के घर मानेसर चली गई। बाद में मंजीत ने फोन पर बताया कि रोहित उसे फिर से प्रताड़ित कर रहा है। इसके बाद उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया गया। आरोपी पति को काबू करने के बाद जेल भेज दिया।

**मौसम** सप्ताह के अंत तक 47 डिग्री पर पहुंच सकता है पारा, आसमान में बादलों से भी नहीं मिल रही राहत

# भारी गर्मी से नहीं मिली राहत, अभी पारा और चढ़ने के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मई माह के अंत में गर्मी अपने प्रचंड रूप में आने लगी है। गत वर्ष की तुलना में इस बार तापमान सामान्य से 2 से 3 डिग्री सेल्सियस ज्यादा चल रहा है। लू के थपेड़ों ने सामान्य जन जीवन पर व्यापक असर डालना शुरू कर दिया है। दोपहर के समय लोगों का घरों से निकलना मुश्किल बन रहा है। एसी और कूलर की हवा भी गर्म होने लगी है। सप्ताह के अंत तक गर्मी अपने पीक पर आ सकती है, जिससे लोगों को हीटवेव के प्रति ज्यादा सतर्क रहना होगा। मंगलवार को अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस पर स्थिर रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 0.8 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 29.8 डिग्री पर पहुंच गया है। इससे रात के समय लोगों की नींद हराम होनी शुरू हो गई है। गत वर्ष की तुलना में इस साल तापमान ज्यादा चल रहा है। बीते साल 21 मई को अधिकतम तापमान 43.6 और न्यूनतम 24.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। मंगलवार को सुबह के समय आसमान में आंशिक बादल छाए रहे। सुबह 9 बजे के बाद आसमान साफ होने के बाद तेज धूप ने लोगों का पसीना छुड़ाना शुरू कर दिया। शाम के समय आसमान में बादल छा गए। धूल भरी तेज हवाएं भी चलीं। भारी गर्मी के प्रकोप से अभी जल्द राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। इससे बाजार सुबह 10 बजे के बाद वीरान नजर आने लगते हैं। सड़कों पर वाहनों की संख्या कम हो जाती है। लोग घरों से बाहर मजबूरी में ही निकलते हैं।



रेवाड़ी। भीषण गर्मी में बस स्टैंड की प्याऊ पर प्यास बुझाते लोग। फोटो :हरिभूमि

### हीटवेव का प्रकोप बढ़ने के आसार

मौसम विभाग के अनुसार अगले रविवार तक तापमान बढ़कर 47 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच सकता है। इससे हीटवेवे का प्रकोप काफी बढ़ जाएगा। सावधानी नहीं बरतने पर लोग लू की चपेट में आकर बीमार भी हो सकते हैं। रात का तापमान बढ़ने के कारण लू अब रात के समय भी लोगों की नींद हराम करने का काम करेगी। भारी गर्मी के कारण बिजली की मांग बढ़ने से लोगों को आने वाले कुछ दिनों बाद अघोषित बिजली कटों का सामना भी करना सकता है।

### कोसली क्षेत्र के गांव से नाबालिग लापता

**कोसली।** क्षेत्र के एक गांव में झुग्गी में रहने वाले मूल रूप से राजस्थान के अलवर जिला निवासी एक व्यक्ति ने एक युवक पर उनकी नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का संदेह जताते हुए कोसली थाने में मामला दर्ज कराया है। पीड़ित पिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी 13 वर्षीय बेटी शनिवार को बिना किसी को बताए घर से चली गई। उन्होंने अपने स्तर पर कई दिन तक उसकी तलाश की परंतु उसका कोई पता नहीं चल पाया। पिता ने उनके ही गांव के एक युवक पर उनकी बेटी को ले जाने का संदेश जताते हुए सोमवार को कोसली पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने उसकी शिकायत पर आरोपी युवक के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।



# वेलकम-3 से बाहर हुए संजय दत्त ...

**मुंबई।** संजय दत्त से जुड़ी बहुत बड़ी खबर सामने आ रही है। कहा जा रहा है कि संजय दत्त ने अहमद खान के निर्देशन में बन रही 'वेलकमः टू द जंगल' को बीच में ही छोड़ दिया है। अभी तक आधिकारिक तौर पर इस बात की पुष्टि तो नहीं हुई है, लेकिन सूत्र ने इसके पीछे का कारण जरूर बताया है। कहा जा रहा है कि संजय दत्त ने फिल्म छोड़ने से पहले अक्षय कुमार से बात की थी। संजय दत्त ने अक्षय के सामने अनप्लान्ड शूटिंग शेड्यूल और स्क्रिप्ट में किए गए बदलावों पर निराशा व्यक्त की और फिर फिल्म छोड़ने का फैसला लिया।

लाइफ Style

# सोनम


## भारतीय फैशन पर है गर्व

एक्ट्रेस और फैशन आइकन सोनम कपूर ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर देश की समृद्ध विरासत, इतिहास और विविधता का प्रतिनिधित्व करने में गर्व महसूस करती है। एक्ट्रेस ने कहा कि वह देश की विरासत को उजागर करने की कोशिश करती है।


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

'अगर मुझे किसी न किसी रूप में भारत का प्रतिनिधित्व करना होता है, तो मैं देश की विविधता पर प्रकाश डालती हूं। हमारे पास इतनी मजबूत सांस्कृतिक विरासत और प्राचीन सभ्यता है। इसका मतलब है कि भारत में जो कुछ भी बनाया जाता है, उसका बहुत मूल्य होता है।' सोनम कपूर ने कहा, 'यह एक बहुसांस्कृतिक जगह है, जहां कई धर्मों के लोग एक साथ सद्भाव से रहते हैं और इसका प्रतिनिधित्व करना अत्यंत महत्वपूर्ण है।' उन्होंने कहा, 'योग और अध्यात्म की भूमि होने के अलावा, भारत अपने संगीत और कारीगर शिल्प-कौशल के लिए भी प्रसिद्ध है। यह आभूषण और कढ़ाई का क्षेत्र है।'

सोनम इंडियन क्राफ्ट्समैनशिप को चैंपियन बनाने के लिए अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करती है। एक्ट्रेस ने कहा, 'जब आपके पास एक प्लेटफॉर्म होता है, तो आप पर बड़ी जिम्मेदारी होती है। यह देखना दिलचस्प होता है कि लोग इसकी सराहना कैसे करते हैं और खुद को इससे कैसे जोड़ते है।' एक्टिंग की बात करें तो सोनम 'बैटल फॉर बिटोरा' की तैयारी कर रही है।



हॉलीवुड मसाला




# 'द अप्रेंटिस' को लेकर हुआ विवाद

**पेरिस।** अभिनेता सेबेस्टियन स्टैंन की फिल्म 'द अप्रेंटिस' डोनाल्ड ट्रंप की बायोपिक फिल्म है। फिल्म निर्माता अली अब्बासी के निर्देशन में बन रही 'द अप्रेंटिस' में सेबेस्टियन स्टैंन ने ट्रंप की भूमिका निभाई है। फिल्म के कलाकारों में जेरेमी स्ट्रॉन्ग और मारिया बाकालोवा भी शामिल हैं। बीते दिन 'कान फिल्म फेस्टिवल' में फिल्म का प्रीमियर हुआ। इसके एक सीन को लेकर 'कान्स' में विवाद खड़ा हो गया है। फिल्म के एक सीन में ट्रंप का किरदार निभा रहे सेबेस्टियन अपनी तत्कालीन पत्नी इवाना यानी कि मारिया बाकालोवा को जमीन पर गिरा देते हैं।



# स्कारलेट जोहानसन ने चैटजीपीटी पर उतारा गुस्सा

**लॉस एंजिलिस।** स्कारलेट जोहानसन हॉलीवुड की मशहूर अदाकारा हैं। स्कारलेट एक अमेरिकन अभिनेत्री हैं। स्कारलेट ने अपने फिल्मी करियर में कई बेहतरीन फिल्में की हैं। 2018-2019 में दुनिया की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली अभिनेत्री रह चुकी हैं। अभिनेत्री फोर्ब्स सेलिब्रिटी 100 की सूची में कई बार शामिल हो चुकी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार स्कारलेट ने कहा है कि उन्हें इस बात से बेहद हैरानी, गुस्सा और विश्वास नहीं हो पा रहा है कि कंपनी ने एक ऐसी आवाज का इस्तेमाल किया जो उनकी आवाज से मिलती-जुलती है। अभिनेत्री स्कारलेट ने यह भी कहा कि उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनी ओपनएआई के चैटबॉट चैटजीपीटी-40 के लिए अपनी आवाज देने से साफ इनकार कर दिया था, क्योंकि कंपनी ने एक ऐसी आवाज का इस्तेमाल किया है, जो उनकी आवाज से बिल्कुल ही मिलती-जुलती है।



# मोनाली ने आवाज के जादू से जीता दिल


**मुंबई।** मोनाली ठाकुर अपनी जादुई आवाज से देश ही नहीं, बल्कि विदेश में भी लाखों लोगों को अपना दीवाना बना चुकी हैं।अपनी गायकी के लिए नेशनल अवॉर्ड जीतने वाली मोनाली ठाकुर सिंगिंग में अपना लोहा मनवाने से पहले अभिनय में भी किस्मत आजमा चुकी हैं। मोनाली ठाकुर ने 10 साल पहले आई एक फिल्म से अपनी किस्मत आजमाई थी। उन्होंने बेहद सेंसिटिव टॉपिक पर आधारित फिल्म 'लक्ष्मी' में लीड रोल निभाया था। महिलाओं की समग्लिंग और रेड लाइट एरिया में उन्हें बेचने पर आधारित इस फिल्म में मोनाली ठाकुर ने अपनी एक्टिंग से दर्शकों को काफी प्रभावित किया था। फिल्म 'लक्ष्मी' के बाद मोनाली ठाकुर ने सिंगिंग में करियर बनाने पर फोकस किया। उन्होंने साल 1999 में अपना पहला गाना 'छेना छेना' गाया था।



# साझा किया घाटी में शूटिंग का अनुभव

**मुंबई।** अभिनेता जैकी श्रॉफ फिल्म 'सिंघम अगेन' की शूटिंग में व्यस्त हैं। उन्होंने फिल्म की शूटिंग जम्मू-कश्मीर में की। उन्होंने घाटी में शूटिंग का अनुभव साझा किया। उन्होंने घाटी में जाकर फिल्म और अन्य प्रोजेक्ट की शूटिंग करने वालों का सहयोग करने के लिए जम्मू-कश्मीर सरकार का आभार जताया। साथ ही वहां के स्थानीय लोगों की भी तारीफ की। अभिनेता ने कहा कि यहां के लोग काफी विनम्र और मददगार हैं। जैकी श्रॉफ ने जम्मू-कश्मीर में मिले प्यार और सहयोग की तारीफ करते हुए कहा, 'यहां के लोग अविश्वसनीय रूप से मददगार हैं। बेहद विनम्र हैं। इसके अलावा प्रशासन भी काफी सहयोगी है'। एक्टर ने आगे कहा, 'जिस तरह यह जगह खूबसूरत है, उसी तरह यहां के लोग भी खूबसूरत हैं। यह बहुत मजेदार था।

टीवी मसाला



# सुमोना चक्रवर्ती खुद बना रहीं नेटवर्किंग

**मुंबई।** कपिल शर्मा संग 'कॉमेडी सर्कस' से लेकर 'द कपिल शर्मा शो' तक सुमोना चक्रवर्ती ने काम किया, लेकिन वह नेटफ्लिक्स पर आ रहे 'द ग्रेट इंडिया कपिल शो' में काम नहीं कर रही हैं। उनका कहना है कि शो को मिल रहे प्यार से खुश हैं। फैंस शो को पसंद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह शो में क्यों नहीं है, इसका कोई जवाब नहीं है। वह अपनी जर्नी खुद तय कर रही हैं। वह 'खतरों के खिलाड़ी 14' में नजर आने वाली हैं। सुमोना ने 'कॉमेडी नाइट्स विद कपिल' (2013-2016) और 'द कपिल शर्मा शो' (2016-23) में काम किया। सुमोना चक्रवर्ती ने एक इंटरव्यू में कहा, 'मेरे पास इसका कोई जवाब नहीं है। जिस शो का मैं हिस्सा थी, जो दूसरे चैनल पर था, वह पिछले साल जुलाई में ख़त्म हो गया। तब से, मैं अपनी जर्नी खुद तय कर रही हूं, अपने काम खुद कर रही हूं, नेटवर्किंग कर रही हूं और लोगों से मिल रहा हूं।' उन्होंने कहा कि लोग उनके पास आते हैं, तो बोलते हैं कि वह 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में उन्हें मिस करते हैं। शो में अभी सुनील ग्रोवर, कृष्णा अभिषेक, कीकू शारदा, राजीव ठाकुर और अर्चना पूरन सिंह शामिल हैं।

## पाखी के रोल की वजह से मिलती है खूब नफरत : चांदनी



**मुंबई।** रुपाली गांगुली और गौरव खन्ना स्टारर टीवी सीरियल अनुपमा में पाखी का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस चांदनी भागवानानी ने बताया कि उन्हें लोग निगेटिव रोल करने के लिए ट्रोल करते हैं। टीवी सीरियल अनुपमा लगातार टीआरपी लिस्ट में टॉप पर बना हुआ है। इस सीरियल में चांदनी भागवानानी अनुपमा की मक्कार बेटी पाखी (स्वीटी) का किरदार निभाती हैं। इससे पहले मुस्कान बामने यह रोल प्ले कर रही थीं, लेकिन जब बात कहानी में लीप के बाद पाखी के मां बनने वाले सीक्वेंस की आई तो मुस्कान ने रोल करने से मना कर दिया। तब शो में चांदनी की एंट्री हुई, जो कि बहुत खूबसूरती से इस कैरेक्टर को आगे बढ़ा रही हैं। चांदनी भागवानानी ने कहा कि अगर पाखी का रोल करने के लिए लोग उनसे नफरत कर रहे हैं, तो इसका मतलब है कि वो अपना काम अच्छी तरह कर रही हैं।

# अंधेरी रातों में दहशत मचाने आ गया 'मुंजया'

**नई दिल्ली।** साल 2018 में रिलीज हुई सुपरहिट फिल्म 'स्त्री' दर्शकों द्वारा खूब पसंद की गई थी। सुपरनैचुरल इस फिल्म फिल्म श्रद्धा कपूर, राजकुमार राव, पंकज त्रिपाठी , अपारशक्ति खुराना और अभिषेक बनर्जी को लोगों ने खूब पसंद किया था। अब इस फिल्म के सफलता के करीब 5 साल बाद निर्माता दिनेश विजान एक और हॉरर फिल्म लेकर आ रहे हैं, जो सिर्फ दहशत मचाने के साथ ही साथ लोगों को हंसा-हंसा के पागल कर देगा. आने वाली इस नई फिल्म का नाम है 'मुंजया'। 'मुंजया' का टीजर जारी करते हुए मेकर्स ने दर्शकों को गुड न्यूज दिया है। मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बन रही 'मुंजया' जारी होते ही सोशल मीडिया पर छा गया है। सीजीआई (कंप्यूटर जेनरेटेड इमेज) के जरिए इस टीजर को बेहद ही खौफनाक तरीके से बनाया गया है। टीजर देख लग रहा है कि इस बार मुन्नी पर कहर बरपने वाला है। क्योंकि जंगल में छिपा खौफनाक 'मुंजया' सलमान खान की सुपरहिट फिल्म 'दबंग' के गाने 'मुन्नी बदनाम हुई' का दीवाना है। वह इस गाने को सुनकर ही जंगल से शहर में आता है और इस गाना के बंद करते ही वह लोगों का जान ले लेता है। जारी हुए टीजर में साफ शब्दों में लिखा है 'सावधान हो जाओ मुन्नी'। इस फिल्म का निर्देशन आदित्य सरपोतदार ने किया है। फिल्म में शरवरी वाघ लीड एक्टर हैं।उनके अलावा अभिनेता अभय वर्मा, मोना और एस सत्यराज भी हैं। यह फिल्म 7 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# 'सावि' का दमदार ट्रेलर रिलीज




*मुंबई। अभिनेत्री दिव्या खोसला 'सावि' से धमाल मचाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। निर्माताओं ने हाल ही में फिल्म के दो टीजर जारी करते हुए फैंस का उत्साह बढ़ाया था, जिसके बाद से फैंस इसके ट्रेलर का इंतजार कर रहे थे। वहीं, आखिरकार अब निर्माताओं ने फिल्म का धमाकेदार ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें दिव्या खोसला का खतरनाक अवतार देखने को मिला। ट्रेलर की शुरुआत दिव्या खोसला के किरदार से होती हैं। वे कैमरे में अपना बयान रिकॉर्ड करती हैं और कहती हैं कि अगर आप यह वीडियो देख रहे हैं तो आप सब जानते हैं कि मैं एक क्रिमिनल हूं। इसके बाद वे अपनी कहानी की झलक दिखाती हैं। दिव्या का किरदार सावि अपने पति यानि हर्षवर्धन राणे और बेटे के साथ हंसी-खुशी रहती हैं, लेकिन एक दिन उनकी खुशियों पर ग्रहण लग जाता है। उनके पति को खून और ड्रग्स के इल्जाम में देश के सबसे बड़े जेल में बंद कर दिया जाता है। सावि यह जानती हैं कि उनका पति बेगुनाह है और ऐसे में वे पति को जेल तोड़कर बाहर लाने की योजना बनाती है। उनकी जिंदगी का यह सफर उन्हें एक साधारण ग्रहणी से क्रिमिनल बना देता है। यह फिल्म 31 मई, 2024 को रिलीज होगी।*

## 'मिर्जापुर' के इन कलाकारों का नाम भी शामिल

# फिल्मों से ज्यादा इन सितारों को मिली ओटीटी से पहचान

***मुंबई।** आजकल ओटीटी प्लेटफार्म्स की ओर दर्शकों का रुझान काफी बढ़ गया है। ऐसे में कई दिग्गज सितारे ओटीटी की दुनिया में कदम रख रहे हैं। कई दिग्गज सितारे ओटीटी पर डेब्यू कर चुके हैं। इनमें से कई सितारों का मानना है कि बड़े पर्दे पर अब तक अपने अभिनय को उतना नहीं निखार पाए, जितना मौका उन्हें ओटीटी पर मिला है। इसके अलावा सिनेमा के कई ऐसे मंझे हुए कलाकार रहे हैं, जिन्होंने वर्षों तक बॉलीवुड में काम किया, लेकिन इन कलाकारों को असल मायने में पहचान ओटीटी पर निभाए गए किरदारों से मिली है।*




### पंकज त्रिपाठी

इंडस्ट्री के जाने-माने अभिनेता पंकज त्रिपाठी यूं को हिंदी सिनेमा की फिल्मों में अपने अभिनय का दमखम दिखा चुके हैं। फिल्मों में उनके काम के लिए उन्हें खूब पहचान मिली है। अपने शानदार अभिनय के बल पर पंकज त्रिपाठी ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है, लेकिन अभिनेता को खास पहचान वेब सीरीज 'मिर्जापुर' में कालीन भईया के किरदार से मिली है।



### दिव्येंदु शर्मा

अभिनेता दिव्येंदु शर्मा का नाम इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर आता है। वेब सीरीज मिर्जापुर के मुन्ना भैया बनकर उन्हें खूब पहचान मिली है। वह बॉलीवुड की फिल्मों में काम कर चुके हैं। उन्होंने फिल्म प्यार का पंचनामा से करियर की शुरुआत की थी। मगर अभिनेता को असल पहचान वेब सीरीज 'मिर्जापुर' से ही मिली है।



### त्रिधा चौधरी

अभिनेत्री त्रिधा चौधरी का नाम भी इस फिल्म में शामिल है। त्रिधा को बॉबी देओल की वेब सीरीज 'आश्रम' से पहचान मिली है। इससे पहले वह कई टीवी शो और फिल्मों में काम कर चुकी थीं। मगर उन्होंने असल पहचान वेब सीरीज 'आश्रम' से ही मिली है।

## खबर संक्षेप

### जमीन पर कब्जा करने के आरोप में 4 नामजद

**कनीना।** सदर थाना अंतर्गत गांव मोड़ी में जमीन पर जबरन कब्जा करने के आरोप में पुलिस ने चार व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस बारे में उदयराम वासी घीसा की ढाणी हाल आबाद मोड़ी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने मोड़ी गांव में जमीन की खरीद की हुई। जहां 19 मई को कोठडी का निर्माण किया जा रहा था। करीब चार फुट ऊंची दीवारे बनाई जा चुकी थी। रात्रि के समय ये दीवार राजकपूर, सावित्री देवी, राजबीर व राजकपूर की पुत्रवधु ने खंडित कर नुकसान कर दिया। उन्हें ऐसा नहीं करने को कहा तो धमकी दी। उन्होंने फव्वारा पाइप चोरी करने के भी आरोप लगाए।

### शौचालय से पार्क में आने वाले लोग परेशान

**महेंद्रगढ़।** शहर के चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा पार्क में लोगों का सुबह-शाम घूमना मुश्किल हो गया है। पार्क व बस स्टैंड की दीवार के पीछे बने शौचालय की वजह से वहां पर सुबह घूमने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। क्योंकि शौचालय में बदबूदार दुर्गंध होने से पार्क में सैर करने वाल लोगों को भारी परेशानी आ रही है। इस समस्या को लेकर मंगलवार को सामाजिक संगठनों एसडीएम ऑफिस में डीसी के नाम अपना मांगपत्र सौंपा।

### रेडक्रॉस भवन में रक्तदान शिविर आज

**नारनौल।** जिला रेडक्रॉस समिति की ओर से 22 मई को रेडक्रॉस भवन में रेडक्रॉस वॉलिंटियर्स एवं सड़क सुरक्षा संगठन के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए रेडक्रॉस कार्यालय से डा. एसपी सिंह ने बताया कि रेडक्रॉस भवन में 22 मई को सुबह नौ बजे स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजन किया जाएगा। उन्होंने युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में आकर रक्तदान करने का आह्वान किया।

### पुलिस टीम ने 155 ग्राम गांजा किया बरामद

**महेंद्रगढ़।** पुलिस द्वारा जिलेभर में अवैध नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत कार्रवाई करते हुए थाना शहर पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर एक आरोपित को नशीले पदार्थ गांजा सहित रमेश वासी मौहल्ला कोकाबगड़ी को गिरफ्तार कर 155 ग्राम गांजा बरामद किया। आरोपित के खिलाफ थाना शहर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपित को सोमवार को न्यायालय में पेश किया गया।

### गोलवा के सरपंच को लाठी-डंडों से पीटा

**नारनौल।** निजामपुर क्षेत्र के गांव गोलवा में सरपंच के साथ मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। वहीं बचाव करने आई सरपंच की पत्नी व भाभी पर भी आरोपितों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मामले में थाना निजामपुर पुलिस ने गोलवा के सरपंच की शिकायत पर आरोपितों के खिलाफ आईपीसी की धारा 323, 34, 341, 506 व एससी/एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इस बारे में गोलवा के सरपंच प्रकाश सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सायं करीब सवा छह बजे गांव के मुकेश का फोन और मिलने के लिए बोला। शिकायतकर्ता ने बताया कि इसके बाद सायं करीब साढ़े सात बजे वह अपने घर जा रहा था, तब रास्ते में मुकेश अपने भतीजे की दुकान पर बैठा था।

विद्यार्थियों से की परिवारजनों के साथ सेल्फी अपलोड करने की अपील

# देश के निर्माण व लोकतंत्र की मजबूती के लिए एक-एक वोट कीमती: एडीसी

- एडीसी ने नागरिकों को दिया मतदान करने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶रेवाड़ी/कोसली

लोकसभा चुनाव में जिले के मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक करने और वोट प्रतिशतता में बढ़ोतरी के उद्देश्य से जिला प्रशासन की ओर से मंगलवार को स्वीप गतिविधियों के तहत डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा के मार्गदर्शन में कोसली के शहीद मेजर विकास यादव राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तथा राजकीय महाविद्यालय परिसर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एडीसी एवं स्वीप की नोडल अधिकारी अनुपमा अंजलि बतौर मुख्य अतिथि थी। कोसली व भाकली गांव की पंचायत प्रतिनिधियों सहित क्षेत्र के विद्यालयों के मुखियाओं की ओर से एडीसी का स्वागत किया गया और विश्वास दिलाया कि मतदान के दिन कोसली उपमंडल की मताधिकार का प्रयोग करने में सक्रिय भागीदारी रहेगी। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में नुक्कड नाटक व प्रवक्ता सुधीर यादव सहित स्वीप गतिविधियों के यूथ आइकॉन एमडी देसी रॉकस्टार ने लोगों को सांस्कृतिक विधा के माध्यम से मतदान के महत्व से अवगत कराया।









**रेवाड़ी।** मतदाताओं को जागरूक करते कलाकार, एडीसी के साथ छात्राएं व अन्य लोग तथा विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए ब्रांड एंबेसडर। फोटो : हरिभूमि

### 25 मई के दिन मतदान करने का आह्वान

एडीसी अनुपमा अंजलि ने जिले के मतदाताओं को जागरूक करते हुए 25 मई के दिन होने वाले 18वें लोकसभा आम चुनाव में बढ़चढकर मतदान करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश के निर्माण व लोकतंत्र की मजबूती के लिए एक-एक वोट कीमती और जरूरी है। उन्होंने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए सभी को मतदान करना चाहिए। लोकतांत्रिक देश में एक आम आदमी की सबसे बड़ी ताकत उसका मताधिकार होती है। इसका प्रयोग कर वह अपने लिए एक बेहतर सरकार के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे में हर योग्य व्यक्ति को अपने मताधिकार का प्रयोग अनिवार्य रूप से करना चाहिए। जागरूकता कार्यक्रम में रंगकर्मी सतीश मस्तान के निर्देशन में विद्यार्थियों ने आमजन को नाटक के माध्यम से आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित किया और मतदान करने का संकल्प भी दिलाया।

### मतदान के दिन सेल्फी अपलोड कर जीतें इनाम

एडीसी ने कहा कि मतदान के दिन बच्चे अपने अभिभावकों के साथ उंगली पर लगी नीली स्याही के साथ सेल्फी लेकर हरियाणा निर्वाचन आयोग के पोर्टल पर अपलोड कर ईनाम भी जीत सकते हैं। जिला स्तर पर ड्रॉ के माध्यम से प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेताओं को क्रमशः 10 हजार रुपए, 5 हजार रुपए और 2500 सौ रुपए का नकद इनाम दिया जाएगा। इस पहल के तहत जिले के जिस स्कूल के विद्यार्थी सबसे अधिक सेल्फी अपलोड करेंगे, उस स्कूल को भी 25 हजार रुपए का विशेष पुरस्कार दिया जाएगा।

### कलाकारों ने दिया जागरूकता का संदेश

डीआईपीआरओ दिनेश कुमार ने बताया कि स्वीप गतिविधियों में सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की प्रचार टीम उल्लेखनीय भागीदारी निभा रही है। विभाग के भजन पार्टी लीडर दीपक कुमार सहित मदनलाल, कर्मबीर सिंह व सतबीर सिंह मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित कर रहे है। जिले के करीब 250 गांवों में विभाग की टीम ने पहुंचकर ग्रामीणों को लोक शैली में मतदान करने के उद्देश्यों से अवगत कराकर 25 मई को मतदान करने की अपील की है।

### रॉकस्टार ने दिया मतदान का संदेश

सिस्टमेटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन-स्वीप के तहत बनाए गए ब्रांड एंबेसडर हरियाणवी सिंगर एमडी देसी रॉकस्टार मनोज कुमार इस अभियान में अपनी प्रभावी रूप से आहुति डालते हुए जन जागरण अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। एमडी देसी रॉकस्टार मनोज कुमार ने मंगलवार को मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में बढ़चढकर मतदान करने का संदेश दिया। ब्रांड एंबेसडर ने कहा कि भारत जैसे विशाल देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था का बहुत महत्व है। मतदान केंद्रों पर पहुंचकर जिले के लोग अधिक से अधिक मतदान करें, जिससे मतदान प्रतिशत बढ़ सकें। मतदान एक ऐसी शक्ति है जो देश के विकास के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान देती है। उन्होंने लोक शैली में युवा शक्ति को मतदान अधिक से अधिक करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### जागरूकता गीत दे रहे मतदान करने का संदेश

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में प्रवक्ता सुधीर यादव ने सूत्रधार की भूमिका निभाते हुए मतदाताओं व विद्यार्थियों से स्वरचित गीतों के माध्यम से बढ़चढकर मतदान करने की अपील की और लोकतंत्र के महापर्व में ईमानदारी व निष्पक्षता से अपना फर्ज अदा करने का आह्वान किया। उन्होंने स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने लोकतंत्र के महापर्व में बढ़चढकर भाग लेने का संदेश देते हुए राष्ट्र धर्म की याद भी दिलाई।

# चुनावी ड्यूटी के कर्मचारी 22 व 23 को पोस्टल बैलेट से करेंगे मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶रेवाड़ी

एआरओ एवं एसडीएम विकास यादव ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव में गुरुग्राम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रेवाड़ी विधानसभा सेगमेंट में चुनाव ड्यूटी पर लगाए स्टाफ की 22 व 23 मई को प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक प्रथम तल पर स्थित मतगणना हाल राजकीय महिला महाविद्यालय सेक्टर-18 रिहर्सल होगी। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की पालना में उक्त तिथियों को निर्वाचन ड्यूटी स्टाफ के लिए कॉलेज स्थल पर डाक मतपत्र द्वारा मतदान करने के लिए फैसिलिटेशन सेंटर स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर की ओर से स्वीकृत फार्म 12 के आधार पर ड्यूटी पर लगाए गए कर्मचारी काउंटिंग हाल में बनाए गए फैसिलिटेशन सेंटर में डाक मतपत्र के माध्यम से प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक मतदान कर सकते हैं। एआरओ एवं एसडीएम बावल मनोज कुमार ने बताया कि जिन अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी बावल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में लगी है। उन सभी की हैंड ऑन ट्रेनिंग 22 व 23 मई को प्रातः 9 बजे से लेकर सायं 4 बजे तक राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर-18 के भूतल स्थित कमरे होनी है। उन्होंने सभी को निर्देश दिए कि वह निर्धारित तिथि पर निर्धारित स्थान पर पहुंचकर ईवीएम की हैंड ऑन ट्रेनिंग में भाग लें। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही जिन अधिकारियों व कर्मचारियों को पोस्टल बैलेट पेपर जारी किया हुआ है वह अपना वोट डाल सकते है।




# कोसली कॉलेज में विद्यार्थियों को मतदान करने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज. कोसली

राजकीय महाविद्यालय कोसली में सुव्यवस्थित मतदाता, शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डा. विवेक कुमार ने हरियाणवी गायक के डी का स्वागत करते हुए कहा कि स्वीप का प्रमुख लक्ष्य निर्वाचन के दौरान सभी पात्र नागरिकों को मत देने और जागरूक निर्णय लेने के लिए प्रोत्साहित करके भारत में सही मायनों में लोकतंत्र का निर्माण करना है। गायक ने कहा कि स्वीप भारत में मतदाता शिक्षा व जागरूकता का प्रचार प्रसार करने एवं मतदाता की जानकारी बढ़ाने के लिए एक प्रमुख कार्यक्रम है। गायक केडी ने अपने गानों के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक किया। डा. लाज कौशल ने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर डा. संध्या, डा. वंदना, डा. मोनिया, नीलम यादव, सविता, रेनू जांगड़ा व जसवंत जाखड़ मौजूद थे।



**रेवाड़ी।** हरियाणवी गायक के साथ कॉलेज स्टाफ।

# इच्छापूर्ण चोले वाले हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ आयोजित

हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी

मंगलवार शाम को शहर के सेक्टर-1सोलहराही स्थित प्राचीन इच्छापूर्ण चोले वाले हनुमान मंदिर में संकटमोचन हनुमान जी के सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। मंदिर के पुजारी पंडित बिजेन्द्र भारद्वाज ने विधि-विधान से हनुमान जी की पूजा अर्चना कराकर सुंदरकांड पाठ शुरू कराया। सुंदर कांड पाठ के आयोजन में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। इस अवसर पर भजन मंडली ने अनेक भजन सुनाकर हनुमान जी की महिमा का गुणगान किया। सुंदरकांड पाठ के समापन पर आरती के बाद श्रद्धालुओं का प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर के पुजारी ने बताया कि 22 मई को मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर इस मौके पर मंदिर संस्थापक भूपेंद्र सिंह गुप्ता, सुरेन्द्र वशिष्ठ व पार्षद राजेंद्र सिंघल सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।





**रेवाड़ी।** मंदिर में हनुमान जी की पूजा करते हुए श्रद्धालु तथा सुंदरकांड पाठ के समय श्रद्धालुओं की भीड। फोटो : हरिभूमि

# सीएसआर के तहत हुए कार्यों का हुआ उद्घाटन

- निजी कंपनी ने बच्चों के लिए खेल मैदान का सुधारीकरण कराया
- गटरमन कंपनी की ओर से मैदान की मरम्मत कराने के साथ स्कूल में पीने के पानी की व्यवस्था की

हरिभूमि न्यूज. बावल

बनीपुर गांव के राजकीय विद्यालय में निजी कंपनी ने बच्चों के लिए खेल मैदान का सुधारीकरण कराया है। गटरमन कंपनी की ओर से मैदान की मरम्मत कराने के साथ स्कूल में पीने के पानी की व्यवस्था की है। स्कूल के खेल मैदान की चारदिवारी टूटी हुई थी तथा मैदान में पशुओं का जमावड़ा लगा रहता था। गांव के सरपंच पवन ने कंपनी से सहयोग करने का आग्रह किया था। मंगलवार को कंपनी से संजीव नरुला मैनेजिंग डायरेक्टर, राजीव एग्जिक्यूटिव वाईस प्रेजिडेंन्ट, सुरेश भारद्वाज एसआर हैड, राजीव गुप्ता हैड प्रोडक्शन, महेंद्र व अजीत उपस्थित थे। ग्राम पंचायत व स्कूल की ओर से कंपनी अधिकारियों को पौधे भेंट किए गए।



**रेवाड़ी।** कंपनी अधिकारियों का सम्मान करते सरपंच।

# वोट डालकर चुन सकते अपनी मनपसंद सरकार: पुरुषोत्तम

हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी

25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर मोती चौक व्यापार संगठन कार्यकारिणी की बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर संगठन के प्रधान पुरुषोत्तम दास कोसली वाले ने कहा कि संविधान की ओर से प्रत्येक नागरिक को दिया गया वोट देने का अधिकार एक अनमोल उपहार है। अपने वोट से आपअपनी मनपसंद सरकार चुन सकते हैं। लोकसभा चुनाव में दिए गए एक-एक वोट से पूरे देश की राजनीति पर प्रभाव पड़ता है। ईमानदार, देशभक्त व कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति को ही अपना वोट दें। मोती चौक व्यापार संगठन भी व्यक्तियों को वोट देने के लिए नागरिकों को जागरूक करेगा। बैठक में अनिल अरनेजा, विजय गुप्ता, प्रेस सचिव दिनेश कपूर, अशोक अरोड़ा, जीतू सेठी, अजय जुनेजा, दीपक रूस्तगी, महेश डाटा, अशोक रूस्तगी व विनय सैनी उपस्थित थे।



**रेवाड़ी।** अनिल यादव का सम्मान करते समर्थक।


**लोक अदालत** | सीजेएम एवं सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण अमित वर्मा ने दी जानकारी

# सुप्रीम कोर्ट में 29 जुलाई से 3 अगस्त तक होगा स्पेशल लोक अदालत का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶रेवाड़ी

सुप्रीम कोर्ट की ओर से आगामी 29 जुलाई से तीन अगस्त तक न्यायालय में लंबित मामलों के निपटारे के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। सीजेएम अमित वर्मा ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय में लंबे समय से चलने वाले केस से संबंधित पार्टियां यदि विशेष लोक अदालत के सामने रखना चाहती है तो वह 28 जुलाई से पहले स्थानीय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में संपर्क कर सकती हैं। सीजेएम एवं सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण अमित वर्मा ने बताया कि इसके तहत स्थानीय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में ऑनलाइन या हाइब्रिड मोड के माध्यम से प्री-कंसिलीएटॉरी बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें पार्टियों के मध्य सुलह की संभावनाओं को परखते हुए ऐसे मामलों पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। जिन मामलों में पार्टी सरकार है, ऐसे मामले विशेष लोक अदालत में निपटाए जाने की संभावना है।

### लोक अदालत में यह मामले होंगे शामिल



सीजेएम ने बताया कि स्पेशल लोक अदालत में श्रम मामले, चेक बाउंस मामले सेक्शन-138 एनआई एक्ट, दुर्घटना क्लेम मामले, उपभोक्ता संरक्षण मामले, स्थानान्तरण याचिकाएं सिविल एवं अपराधिक, धन-वसूली से संबंधित मामले, आपराधिक मिश्रित मामले, अन्य मुआवजा संबंधी मामले, पारिवारिक कानूनी मामले सेवाओं से संबंधित मामले, किराया संबंधी मामले, शैक्षणिक मामले, भरण-पोषण संबंधित मुद्दे, बंधक मामले व भूमि विवाद मामले सहित अन्य सिविल मामले शामिल किए जाएंगे।

# कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता बनने पर अनिल यादव का सम्मान

हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी

अनिल यादव पाल्हावास को कांग्रेस का प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किए जाने पर क्षेत्र के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। जाटूसाना कांग्रेस कार्यालय में अनिल यादव का सम्मान किया गया। अनिल यादव ने जिम्मेदारी मिलने पर प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया, प्रदेश अध्यक्ष उदयभान, पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा व दीपेंद्र हुड्डा का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा की पार्टी की ओर से दी गई जिम्मेदारी का बेहतर तरीके से निर्वहन करेंगे। पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का काम किया जाएगा। बुजुर्गों ने आशीर्वाद देकर अनिल पाल्हावास के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### बिजली ट्रांसफार्मर गिराकर क्वाइलें चोरी

**धारूहेड़ा।** रिघम सोसायटी के पास लगे बिजली ट्रांसफार्मर को जमीन पर गिराकर चोर उसकी क्वाइलें चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में बिजली निगम के एसडीओ ने बताया कि सोसायटी के पास एक 100 केवीए क्षमता का बिजली ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। जेई आनंद प्रकाश ने बताया कि चोर ट्रांसफार्मर को जमीन पर गिराकर क्वाइलें चोरी कर ले गए हैं।

### गाड़ी से सामान चोरी करने का आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने अस्पताल की पार्किंग में खड़ी गाड़ी से हजारों रुपये का सामान चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। 19 मई को मॉडल टाउन निवासी अनिल सोनी की कार से सामान चोरी हो गया था। सीसीटीवी कैमरे में अस्पताल का पूर्व कर्मचारी गुरूग्राम के हेलीमंडी निवासी विशाल सामने आया था। पुलिस ने आरोपी को काबू करने के बाद कोर्ट में पेश किया।

### महिला के साथ छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**कोसली।** पुलिस ने एक महिला के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर 3 मई को केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने हिसार के किरमारा निवासी रामभगत को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

### मारपीट व धमकी देने के आरोपी गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** काकोड़िया में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शक्ति के बयान पर उसके चाचा धर्मबीर और उसके बेटे मोहित के खिलाफ केस दर्ज किया था। दोनों पर मारपीट करने का आरोप लगाया गया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

### रास्ता रोककर मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना सदर पुलिस ने रास्ता रोककर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर बीते वर्ष विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने यादव नगर निवासी बीरसिंह को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश कर दिया। कोर्ट से आरोपी को भोंडसी जेल भेजने के आदेश जारी हुए।

### बावल से हरिद्वार गया व्यक्ति लापता

**बावल।** बावल कस्बे के मोहल्ला होली चौटा निवासी एक व्यक्ति लापता हो गया। गौरव ने बावल थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पिता 48 वर्षीय भारत कुमार ने रेवाड़ी रोड पर किरयाने की दुकान की हुई है। 13 मई को वह अपने साझापुर निवासी दोस्त के साथ हरिद्वार घूमने का नाम लेकर गए थे। तीन-चार दिन बाद फोन करने पर उनका फोन बंद मिला। रिश्तेदारी में पूछताछ करने पर भी उनका कोई सुराग नहीं मिला।

## कई गांवों के लोगों ने धरना देकर डीआरएम के नाम भेजा ज्ञापन

# रिजर्वेशन सुविधा की मांग पर ग्रामीणों का धरना, एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की मांग

- स्टेशन पर आरक्षित टिकट प्रणाली नहीं होने के कारण उन्हें रिजर्वेशन के लिए रेवाड़ी जाना पड़ता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की मांग पर धरना देते हुए ग्रामीण तथा ग्रामीणों को समझाते हुए अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

डहीना-जैनाबाद रेलवे स्टेशन पर रिजर्वेशन की सुविधा शुरू करने और हमसफर सालासर एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की मांग पर मंगलवार को क्षेत्र के लोगों ने सांकेतिक धरना दिया। डीआरएम के नाम प्रेषित ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि अगर जल्द सकारात्मक जवाब नहीं मिला, तो इलाके के लोग अनिश्चिकालीन धरना शुरू करने पर मजबूर हो जाएंगे। मंगलवार सुबह डा. सुधीर खोला, एडवाकेट सुधीर शर्मा, जगदीप यादव, प्रेम शर्मा, दयाराम यादव, वीरसिंह यादव मसीत, प्रदीप यादव, सरजीत शर्मा, अजीत सहरावत, तोसाराम, डब्बू मास्टर, हुकमसिंह, रतनसिंह, जगदीप यादवव मंजीत सहित बड़ी संख्या में लोग रेलवे स्टेशन परिसर में धरने पर बैठे। धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि इस रेलवे स्टेशन से आसपास के दो दर्जन से अधिक गांवों के लोगों का दिल्ली, राजस्थान व अन्य राज्यों के लिए ट्रेनों से आवागमन होता है। स्टेशन पर आरक्षित टिकट प्रणाली नहीं होने के कारण उन्हें रिजर्वेशन के लिए रेवाड़ी जाना पड़ता है। लोगों को आर्थिक व समय का नुकसान उठाना पड़ता है। अगर स्टेशन पर आरक्षित टिकट प्रणाली शुरू की जाए, तो क्षेत्र के लोगों को इसका फायदा मिल सकता है।

### एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की मांग काफी समय से की जा रही

धरने पर बैठे ग्रामीणों ने कहा कि दिल्ली सराय रोहिला से जोधपुर के बीच चलने वाली हमसफर सालासर का ट्रेन का ठहराव रेलवे स्टेशन पर किया जाए। इस ट्रेन के ठहराव से दिल्ली की ओर आवागमन करने वाले सैकड़ों रेल यात्रियों को फायदा हो सकता है। एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की मांग काफी समय से की जा रही है, परंतु रेल विभाग ने इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया है।

### डीआरएम के नाम प्रेषित किया ज्ञापन

रेलवे स्टेशन की दोनों प्रमुख मांगों को लेकर धरना दे रहे लोगों ने बीकानेर डीआरएम के नाम एक ज्ञापन भी प्रेषित किया। ज्ञापन में कहा गया है कि इन दोनों मांगों को लेकर अगर रेल विभाग की ओर से इलाके के लोगों को सकारात्मक जवाब नहीं मिला, तो वह अनिश्चितकालीन धरना शुरू करने से भी पीछे नहीं हटेंगे। दोनों मांगें इलाके के कई गांवों के लोगों के लिए आवश्यक हैं, इसलिए विभाग को इन पर तुरंत विचार करना चाहिए।

# सी-विजिल एप पर प्राप्त 54 शिकायतों का हुआ समाधान


रेवाड़ी। सी-विजिल एप पर शिकायतों को देखता कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

- टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1950 पर प्राप्त सभी 749 कॉल का भी किया गया समाधान

जिले में 18वें लोकसभा आम चुनाव से संबंधित सी-विजिल एप व टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1950 पर प्राप्त हो रही ऑनलाइन शिकायतों व कॉल्स का जिला प्रशासन की ओर से त्वरित निपटान किया जा रहा है। अभी तक जिले में सी-विजिल एप पर प्राप्त हुई 54 शिकायतों सहित 1950 टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर पर प्राप्त हुई 749 कॉल्स का निपटारा किया जा चुका है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी राहुल हुड्डा ने बताया कि सी-विजिल एप भारत निर्वाचन आयोग के प्रमुख मोबाइल एप्स में से एक है, जिस पर कोई भी आम नागरिक चुनाव में आदर्श आचार संहिता की अवहेलना से संबंधित शिकायत कर सकता है। जिले में उक्त एप पर कुल 63 शिकायतें प्राप्त हुई है, जिनमें से 54 शिकायतों का निपटारा कर दिया गया है, जबकि 9 शिकायतें मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट से संबंधित नहीं पाई गईं। उन्होंने बताया कि जिले में आदर्श आचार संहिता की पालना के लिए अनेक टीम बनाई गई हैं। डीसी ने बताया कि सी-विजिल पर जब भी कोई शिकायत आती है तो कंट्रोल रूम से तुरंत उस इलाके की एफएसटी टीम को भेज दिया जाता है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार एक शिकायत का निपटारा 100 मिनट में किया जाना आवश्यक है। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से चुनाव की घोषणा किए जाने के बाद ही लघु सचिवालय में टोल फ्री नंबर 1950 को सक्रिय कर दिया गया था।

# चंडीगढ़ से बाल कल्याण अधिकारी ने बाल भवन की गतिविधियों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी


रेवाड़ी। नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण करते करती सरोज मलिक। फोटो : हरिभूमि

मंगलवार को हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद चंडीगढ़ की बाल कल्याण अधिकारी सरोज मलिक ने बाल भवन में चल रही गतिविधियों का निरीक्षण किया। उन्होंने कम्प्यूटर, सिलाई कढ़ाई, ब्यूटी केयर प्रशिक्षण केंद्र, डे-केयर केंद्र, डिजिटल लाईब्रेरी एवं चिल्ड्रन बुक बैंक के लाभार्थियों से बातचीत करते हुए बाल भवन में चल रही गतिविधियों की सराहना की। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि जहां कम्प्यूटर प्रशिक्षण केंद्र की क्षमता 50 बच्चों की है, वहां 237 बच्चों को लाभांवित किया जा रहा है तथा बुक बैंक के माध्यम से सरकारी स्कूल के 9वीं से 12वीं कक्षा में पढ़ रहे गरीब बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें, स्कूल बैग एवं स्कूल वर्दी उपलब्ध कराई जा रही है। इस वर्ष 100 बच्चों को यह सुविधा दी जानी है। डिजिटल पुस्तकालय में 155 बच्चे लाभांवित हो रहे है और 50 से अधिक बच्चे प्रतीक्षा सूची में है। कामकाजी महिलाओं के बच्चो की देखरेख के लिए चलाया जा रहा वातानुकूलित डे-केयर बच्चों को न केवल एक सुरक्षित वातावरण प्रदान कर रहा है, वही उन्हे मनोरंजन के साथ उचित देखरेख मिल रही है। बाल कल्याण अधिकारी ने आस्था कुंज स्थित बाल गृह एवं दत्तक गृहण अभिकरण का भी निरीक्षण किया। आस्था कुंज में बच्चों के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र का बारीकी से निरीक्षण किया और दाखिल मरीजों से बातचीत की। इस अवसर पर जिला बाल कल्याण अधिकारी वीरेन्द्र यादव व मीरपुर विश्वविद्यालय के मास्टर डिग्री कर रहे छात्र भी उपस्थित थे।

# राव के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

## हर वर्ग और सर्वसमाज ने राव को तीसरी बार विजय का दिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



ढोल नगाड़ों की थाप पर थिरकते युवा, बुजुर्ग और महिला कार्यकर्ता, चारों तरफ लहराता देश की आन तिरंगा और भाजपा का झंडा, बैंड की मधुर धुन के बीच विकसित भारत के संकल्प को दोहराते हजारों की संख्या में सड़कों के दोनों और खड़े लोग। कोई फूल बरसा रहा था तो किसी में बुके भेंट करने की होड़ लगी थी। कोई माला पहना रहा था तो कोई पगड़ी। चारों और उमड़ा जनसैलाब, मानों गुड़गांव में एक साथ पूरा लोकसभा क्षेत्र उमड़ आया है। गुड़गांव से भाजपा के प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह के रोड शो के दौरान ऐसे ही नजारे देखने मिले। जहां-जहां से राव का काफिला गुजरा, हर किसी में राव को समर्थन देने की होड़ नजर आई। चुनाव से ठीक पहले भाजपा के प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह ने विपक्षियों को अपनी ताकत दिखाने के लिए रोड शो किया। ओल्ड रेलवे रोड स्थित प्रेम मंदिर से फूलों से सजी पालकी में बैठकर जब राव इंद्रजीत निकले तो हर किसी की निगाह ठहर गई। प्रेम मंदिर में अनुसूचित जाति, राजपूत, धीमर समाज ने उन्हें समर्थन देते हुए मान सम्मान की पगड़ी भेंट की। यहां से उनका काफिला धीरे-धीरे कबीर भवन चौक की तरफ बढ़ा। कबीर भवन चौक पहुंचने पर आंबेडकर सभा, धानक समाज, पंजाबी समाज, वाल्मीकि समाज, सैनी समाज, ब्राह्मण समाज ने उनका स्वागत कर उन्हें अपना पूर्ण समर्थन दिया।

# दुकान का ताला तोड़कर हजारों का सामान चोरी

- चोर दुकान से बीड़ी, सिगरेट व पान मसाले के कई पैकेट चोरी कर ले गए
- पुलिस ने चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

दिल्ली रोड बालाजी मार्केट में चोर एक दुकान का ताला तोड़कर हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। पीपा फतेहपुरी निवासी उदयराम ने बालाजी मार्केट में चाय की दुकान की हुई है। सोमवार की रात वह दुकान को ताला लगाकर अपने घर चला गया था। मंगलवार सुबह जब वह दुकान पर आया तो शटर का ताला टूटा हुआ था। चोर दुकान से बीड़ी, सिगरेट व पान मसाले के कई पैकेट चोरी कर ले गए। चोरी किए गए सामान की कीमत करीब 20 हजार रुपये बताई गई है। उसने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया।

# पुलिस व बीएसएफ ने कोसली व जाटूसाना में निकाला फ्लैग मार्च

- फ्लैग मार्च के दौरान लोगों से भयमुक्त मतदान करने की अपील की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली



रेवाड़ी। कोसली में फ्लैग मार्च निकालते हुए पुलिस व बीएसएफ के जवान तथा रेवाड़ी में फ्लैग मार्च निकालते हुए पुलिस व बीएसएफ के जवान। फोटो : हरिभूमि

पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के मार्गदर्शन में जिला पुलिस ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोसली व जाटूसाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च में अर्ध सैनिक बल व बीएसएफ के जवान भी शामिल थे। फ्लैग मार्च का नेतृत्व प्रबंधक थाना कोसली राजेन्द्र कुमार, प्रबंधक थाना जाटूसाना भगवत प्रसाद, लाइन अफसर निरीक्षक विक्रम सिंह एवं बीएसएफ के असिस्टेंट कमांडेंट प्रताप सिंह ने किया। फ्लैग मार्च के दौरान लोगों से भयमुक्त मतदान करने की अपील की गई। कोसली क्षेत्र में फ्लैग मार्च गांव गुड़ियानी से शुरू होकर गुगोढ़, काहन्डवास, कोसली गांव, धनिया मोड़ व कोसली बाजार में निकाला गया।

जाटूसाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च जाटूसाना से शुरू होकर परखोत्तमपुर, बेरली कंला, मोतला कंला, कहाड़ी, रामपुरी, फतेहपुरी, दड़ौली, खुशपुरा व बालधन कंला एरिया में निकाला गया। डीएसपी कोसली जय सिंह ने कहा कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य आमजन में सुरक्षा की भावना पैदा करना है, ताकि वह निर्भय होकर अपना मतदान कर सकें। फ्लैग मार्च दौरान पुलिस ने लोगों को बिना किसी डर भय के चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। फ्लैग मार्च के दौरान आम जन से यह भी ही अपील की गई है कि मतदान के दौरान अगर कोई व्यक्ति उन्हें प्रभावित करें तो तुरंत उसकी सूचना पुलिस को दें, ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकें।


रेवाड़ी। ग्रामीणों को जागरूक करते हुए स्वयंसेवक। फोटो : हरिभूमि

# एनएसएस स्वयंसेवकों ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

मतदाता जागरूकता अभियान के इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के एनएसएस स्वयंसेवकों की ओर से मंगलवार को गांव रामगढ़, भगवानपुर व फिदेड़ी में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को मतदान के महत्व को समझाया गया। स्वयंसेवकों ने सभी ग्रामीणों को शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ भी दिलाई। एनएसएस स्वयंसेवक रवींद्र के नेतृत्व में मुस्कान, मीना, रजत, गोविंद, कर्मबीर व अंशुल ने नाटक के माध्यम से सभी को मतदान से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी। एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डा. करण सिंह ने बताया कि आईजीयू के एनएसएस स्वयंसेवक अभी तक आठ से अधिक गावों में नुक्कड़ नाटक के जरिये मतदाता जागरूकता अभियान चला चुके है व आगामी 24 मई तक यह अभियान जारी रहेगा। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी सुशांत यादव, क्लर्क संदीप सहित गावों के सरपंच, पंच, सरपंच प्रतिनिधि व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# पंचायत ने मेधावी विद्यार्थियों व शिक्षकों को किया सम्मानित

- दसवीं कक्षा में 23 विद्यार्थियों में 7 छात्राओं ने मेरिट हासिल की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नाहड़


नाहड़। छात्राओं को सम्मानित करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

राजकीय उच्च विद्यालय झोलरी में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की ओर से प्रतिभाशाली बच्चों व शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रैली भी निकाली गई। स्कूल से दसवीं कक्षा में 23 विद्यार्थियों में 7 छात्राओं ने मेरिट हासिल की है तथा 16 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा। शुभलता 93.4 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान पर रही। मुख्याध्यापक ने ग्राम पंचायत, एसएमसी प्रधान व ग्रामीणों का धन्यवाद किया। ग्राम पंचायत ने स्कूल शिक्षकों की प्रशंसा की तथा बच्चों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सरपंच राजेश देवी, सुनील कुमार, सतीश कुमार, दीपक कुमार पंच, बबीता पंच, भूपेंद्र ग्राम पंचायत झोलरी, एसएमसी प्रधान संतोष देवी, मुख्य अध्यापक विनय कुमार, राजकुमार विज्ञान अध्यापक, जय भगवान एसएसएम, मीनाक्षी शर्मा हिंदी अध्यापिका, संजयनाथ कुमार शास्त्री, सोमप्रभा अंग्रेजी अध्यापिका, रविंद्र पीटीआई, योगेश कुमार कंप्यूटर अध्यापक व आनंद सिंह लिपिक सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

**लोकसभा चुनाव** — रामपुरा हाउस का सबसे मजबूत गढ़ माना जाता है कोसली

# कोसली में भाजपा आजमाएगी तुरप का इक्का, आज राव इंद्रजीत सिंह आएंगे मैदान में

- दीपेंद्र को एक बार फिर से मात देने के लिए तैयार भाजपा

नरेन्द्र वत्स ▶▶ रेवाड़ी


नितिन गडकरी


डा. अरविंद शर्मा


राव इन्द्रजीत सिंह।

प्रदेश की सबसे हॉट सीट बन चुकी रोहतक का किला एक बार फिर से फतह करने के लिए भाजपा की निगाहें एक बार फिर से कोसली हलके पर टिक चुकी हैं। यह हलका केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह का पुराना गढ़ माना जाता है। प्रचार के अंतिम दौर में 22 मई को केंद्रीय परिवहन मंत्री और पक्के दोस्त नितिन गड़करी के साथ राव इंद्रजीत सिंह इस हलके में हवा का रुख एक बार फिर से डा. अरविंद शर्मा की ओर मोड़ने का प्रयास करेंगे।

पिछले लोकसभा चुनावों में कांग्रेस प्रत्याशी दीपेंद्र सिंह हुड्डा को अकेले कोसली हलके ने लगभग 75 हजार मतों से मात देकर उनके हाथ से जीत छीन ली थी। बाद में हुए विधानसभा चुनावों में भी कोसली की जनता ने यह सीट लक्ष्मण सिंह यादव के नाम कर दी थी। विधायक बनने के बाद लक्ष्मण सिंह यादव ने इस हलके में विकासकार्यों की बदौलत लोगों के दिलों में अच्छी पैठ बनाई। लक्ष्मण सिंह यादव शुरू से ही लोकसभा चुनावों में डा. अरविंद शर्मा को एक बार फिर अच्छे मार्जिन से जीत दिलाने की दिशा में काम कर रहे हैं। दीपेंद्र ने भाजपा के तिलिस्म को तोड़ने के लिए दो नेताओं को कांग्रेस ज्वाइन कराई थी। इन नेताओं के दम पर वह इस बार कोसली से भी बाजी जीतने की फिराक में हैं, परंतु राव इंद्रजीत सिंह का डा. अरविंद शर्मा के पक्ष में खुलकर मैदान में आना दीपेंद्र के लिए बड़ा झटका साबित हो सकता है। राव के एक इशारे पर उनके खास समर्थक भाजपा प्रत्याशी के लिए खुलकर मैदान में आ सकते हैं।

### गडकरी के आगमन से खुला रास्ता

इस बार यह कयास लगाए जा रहे थे कि अपने लोकसभा क्षेत्र में उलझे रहने के कारण शायद राव इस बार भाजपा प्रत्याशी के लिए प्रचार करने कोसली नहीं पहुंच पाएंगे, परंतु नितिन गड़करी का कार्यक्रम फाइनल होने के साथ ही राव का कोसली पहुंचना भी फिक्स हो गया। गडकरी के साथ अच्छे संबंधों और दोस्ती के चलते ही राव एनएचएआई की कई परियोजनाओं को गुरूग्राम से लेकर नारनौल तक साकार रूप दिलाने में कामयाब रहे हैं। गड़करी और राव की जोड़ी अब कोसली में बदला बदलाव लाने का काम कर सकती है।